**ESL Steel Limited Supports Launch of Jivika Srijan Shakti Producer Company to Strengthen Rural Livelihoods**

Bokaro, 17 March 2026: A significant step towards strengthening rural livelihoods was marked with the launch of Jivika Srijan Shakti Producer Company at the Vedanta ESL Archery Academy, 16 Khata. The initiative is being supported by ESL Steel Limited under Project Jivika, with handholding support from EMP Bindi International Association.

The Producer Company has been formed to bring local producers together under a structured, member-owned enterprise. The initiative aims to improve market access, enhance bargaining power, and create sustainable income opportunities for rural communities. It will enable producers to work collectively, build stronger value chains, and move towards long-term economic growth.

The event began with a traditional welcome of ESL leadership, including Mr. Ravish Sharma, Deputy CEO & Whole Time Director, and Mr. Kunal Daripa, Head-CSR, through tribal songs. This was followed by an arti ceremony and the presentation of handmade grass crowns by local villagers. The program was formally inaugurated with a ribbon-cutting ceremony.

The event witnessed participation from members of the Producer Company, representatives from ESL Steel Limited, CSR team members, EMP Bindi International Association, community leaders, and other stakeholders. During the ceremony, the vision, governance framework, and first-year roadmap of the Producer Company were shared with the members.

Mr. Kunal Daripa highlighted key achievements under Project Jivika, including initiatives in mushroom cultivation and other livelihood programs.

The Directors of the Producer Company were formally introduced, and skill training certificates were distributed to participants. As a gesture of appreciation, dignitaries were presented with sustainable gifts such as jute bags, bamboo products, and eco-friendly stationery.

Addressing the gathering, Mr. Ravish Sharma, Deputy CEO & Whole Time Director, ESL Steel Limited, said:

“Empowering communities through sustainable livelihood opportunities is an integral part of our development journey. The formation of Jivika Srijan Shakti Producer Company reflects the strength of collective effort and community ownership. We are confident that this initiative will help local producers expand their opportunities, enhance their incomes, and build a strong foundation for long-term rural economic growth.”

Sensitivity: Confidential (C2)

He also congratulated the team and emphasised the importance of effective management and future growth of the Producer Company.

The event concluded with a vote of thanks delivered by Mr. Ravish Sharma.

The launch of Jivika Srijan Shakti Producer Company marks the beginning of a collective effort to build a self-reliant, community-led enterprise model that can create sustainable livelihood opportunities in the region.

**HINDI (Revised)**

## ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में ईएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा जीविका सृजन शक्ति प्रोड्यूसर कंपनी का शुभारंभ

बोकारो, 17 मार्च 2026: ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जीविका सृजन शक्ति प्रोड्यूसर कंपनी का शुभारंभ वेदांता ईएसएल आर्चरी अकादमी, 16 खाता में किया गया। यह पहल ईएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा प्रोजेक्ट जीविका के तहत समर्थित है, जिसमें EMP बिंदी इंटरनेशनल एसोसिएशन सहयोग प्रदान कर रही है।

यह प्रोड्यूसर कंपनी स्थानीय उत्पादकों को एक संगठित, सदस्य-आधारित संस्था के रूप में जोड़ने के लिए बनाई गई है। इसका उद्देश्य बाजार तक बेहतर पहुंच, मोलभाव की क्षमता में वृद्धि और ग्रामीण समुदायों के लिए स्थायी आय के अवसर पैदा करना है। यह मंच उत्पादकों को सामूहिक रूप से काम करने, मजबूत वैल्यू चेन बनाने और दीर्घकालिक आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से हुई, जिसमें ईएसएल नेतृत्व श्री रवीश शर्मा, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक, और श्री कुणाल दारिपा, प्रमुख (सीएसआर) का स्वागत आदिवासी गीतों के माध्यम से किया गया। इसके बाद आरती समारोह और ग्रामीणों द्वारा हस्तनिर्मित घास के मुकुट भेंट किए गए। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन रिबन काटकर किया गया।

इस अवसर पर प्रोड्यूसर कंपनी के सदस्य, ईएसएल स्टील लिमिटेड के प्रतिनिधि, सीएसआर टीम, EMP बिंदी इंटरनेशनल एसोसिएशन, सामुदायिक नेता और अन्य हितधारक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कंपनी का विज़न, संचालन संरचना और पहले वर्ष की कार्ययोजना साझा की गई।

श्री कुणाल दारिपा ने प्रोजेक्ट जीविका के तहत मशरूम उत्पादन और अन्य आजीविका पहलों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशकों का परिचय कराया गया और प्रतिभागियों को कौशल प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित किए गए। साथ ही, अतिथियों को जूट बैग, बांस उत्पाद और पर्यावरण अनुकूल स्टेशनरी जैसे उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री रवीश शर्मा, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक, ईएसएल स्टील लिमिटेड ने कहा:

"स्थायी आजीविका के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाना हमारे विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जीविका सृजन शक्ति प्रोड्यूसर कंपनी का गठन सामूहिक प्रयास और समुदाय की भागीदारी का प्रतीक है। हमें विश्वास है कि यह पहल स्थानीय उत्पादकों को नए अवसर प्रदान करेगी, उनकी आय बढ़ाएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी।"

उन्होंने टीम को बधाई देते हुए प्रभावी प्रबंधन और भविष्य की विकास संभावनाओं पर भी जोर दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे श्री रविश शर्मा ने प्रस्तुत किया।

जीविका सृजन शक्ति प्रोड्यूसर कंपनी का शुभारंभ एक आत्मनिर्भर और समुदाय आधारित मॉडल की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो क्षेत्र में स्थायी आजीविका के नए अवसर उत्पन्न करेगा।




Sensitivity: Confidential (C2)